## खबर संक्षेप

### मैहर में खदानों को असुरक्षित छोड़ने पर रोक, धारा 163 के तहत आदेश जारी

**मैहर।** कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने खनि पट्टाधारियों द्वारा खनन के बाद गड्ढों को खुला छोड़ने पर कड़ा रुख अपनाया है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में धारा 163 (बीएनएसएस) लागू कर दी गई है। अब नियमानुसार फैंसिंग,साइन बोर्ड,सुरक्षा गार्ड और मिट्टी भराई (क्लोजर प्रोटोकॉल) का पालन करना अनिवार्य होगा।

### ड्यूटी के दौरान सफाई कर्मी का अचानक निधन, निगम में शोक

प्रेम नगर चौराहे पर ड्यूटी के दौरान नगर निगम के एक सफाई कर्मी की अचानक मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद से नगर निगम प्रशासन और मृतक के साथी कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार,सफाई कर्मी रोज की तरह प्रेम नगर चौराहे पर अपनी निर्धारित ड्यूटी पर तैनात था और सफाई कार्य में जुटा था। काम के दौरान ही अचानक उसकी तबीयत बेहद खराब हो गई। जब तक उसे संभाल पाते या कोई चिकित्सकीय सहायता मिल पाती,तब तक उसका निधन हो गया। निगम के अधिकारियों और साथी कर्मचारियों ने इस असमय मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म करने वाले संगीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी ओमकार गिराय पर एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म (रेप) करने का बेहद गंभीर और संगीन आरोप है।पीड़िता की शिकायत दर्ज होते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित एक्शन लिया और आरोपी को धरदबोचा। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी कागजी कार्रवाई पूरी की और आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने आरोपी ओमकार गिराय को जेल (सलाखों के पीछे) भेज दिया है।

### सतना जिले के जनकल्याण शिविरों के पहले दिन मिले 3,933 आवेदन

**सतना।** जिले में 12 से 18 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों के पहले दिन कुल 3,933 आवेदन मिले,जिनमें से 3,481 का तुरंत निराकरण किया गया। इसमें अकेले नगर निगम सतना (धवारी मंगल भवन) के शिविर में 2,022 आवेदन आए,जिसमें महापौर योगेश ताम्रकार की उपस्थिति में 1,820 मामले सुलझाए गए।

### मैहर जन कल्याण शिविर में पहुंचे 892 आवेदन, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

**मैहर।** जनपद पंचायत प्रांगण में कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर आयोजित हुआ। शिविर में प्राप्त 892 आवेदनों में से 746 का मौके पर निराकरण किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने और लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### सोहावल में 700 आवेदनों का मौके पर निपटारा

**सतना।** रैगांव विधानसभा के सोहावल में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता से देने के निर्देश दिए। शिविर में प्राप्त कुल 948 आवेदनों में से 700 का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि शेष 248 आवेदनों को समय-सीमा में हल किया जाएगा।

---

सनसनीखेज वारदातः परसमनिया पहाड़ स्थित फार्म हाउस पर हुआ जानलेवा हमला, घायल महिला रीवा रेफर; आरोपी दूसरी पत्नी गिरफ्तार, थाने में 'वीआईपी ट्रीटमेंट' की तस्वीर वायरल होने पर उठे सवाल

# नागौद रियासत का पारिवारिक विवाद खूनी संघर्ष में बदला, पहली पत्नी पर ताबड़तोड़ 9 राउंड फायरिंग



**सतना। नागौद रियासत से जुड़ा एक पारिवारिक विवाद गुरुवार को उस समय बेहद खूनी और खौफनाक मोड़ पर आ गया,जब उचेहरा थाना अंतर्गत परसमनिया पहाड़ स्थित एक गढ़ी (फार्महाउस) पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। रियासत के रूपेंद्र सिंह उर्फ राजा बाबा की पहली पत्नी योगिता सिंह पर जानलेवा हमला करते हुए एक के बाद एक कुल 9 राउंड फायरिंग की गई। गोलियां लगने से गंभीर रूप से घायल योगिता सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद तत्काल सतना से रीवा के विंध्या हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। गौरतलब है कि यह पूरा घटनाक्रम नागौद के विधायक नागेंद्र सिंह के परिवार से जुड़ा हुआ है।**

### ससुर के निधन के बाद फार्महाउस में रहने आई थीं पीड़िता

प्राप्त जानकारी के अनुसार,पीड़ित योगिता सिंह का विवाह वर्ष 2000 में नागौद रियासत के रूपेंद्र सिंह उर्फ राजा बाबा के साथ हुआ था। दोनों का एक 25 वर्षीय बेटा भी है,जो हाल ही में अपनी उच्च शिक्षा पूरी करके लौटा है। योगिता सिंह पहले अपने पति राजा बाबा के साथ सतना शहर में निवास करती थीं। लेकिन कुछ समय पूर्व अपने ससुर के निधन के बाद वह परसमनिया गढ़ी (फार्महाउस) में आकर रहने लगी थीं। इसी दौरान परिवार में संपत्ति और आपसी संबंधों को लेकर विवाद गहरा गया।



### ' मारो इसे... ' पति के उकसाने पर खिड़की से दागीं गोलियां

घायल महिला की मां नरेन्द्र कुमारी ने दामाद और उनकी दूसरी पत्नी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि दामाद राजा बाबा ने सुनीता परिहार नाम की एक महिला को रखा हुआ है,जो उसी फार्महाउस में रह रही है। गुरुवार को जैसे ही पहली पत्नी योगिता सिंह वहां पहुंचीं, राजा बाबा ने अपनी दूसरी पत्नी सुनीता को उकसाते हुए कहा- 'मारो इसे।' इसके बाद सुनीता परिहार ने घर के भीतर से खिड़की के रास्ते योगिता सिंह पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। घटना में योगिता को कई गोलियां लगीं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ीं। पीड़िता की मां का आरोप है कि सुनीता परिहार और राजा बाबा पिछले काफी समय से योगिता को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। पिछले वर्ष भी योगिता का गला दबाकर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया गया था।

### पुलिसिया कार्रवाई मुख्य आरोपी महिला गिरफ्तार

परसमनिया पहाड़ जैसे दुर्गम और हाई-प्रोफाइल इलाके में हुई इस गोलाबारी की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही उचेहरा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी महिला सुनीता सिंह (परिहार) को पारसमनिया गढ़ी से गिरफ्तार कर लिया है। उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्रा ने आरोपी महिला की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।



### सोशल मीडिया पर फोटो वायरलः 'वीआईपी ट्रीटमेंट'

इस हाई-प्रोफाइल मामले में उस समय एक नया मोड़ आ गया,जब दोपहर बाद सोशल मीडिया पर आरोपी महिला सुनीता परिहार की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो गई। इस वायरल फोटो में आरोपी महिला थाने के भीतर आराम से बैठी हुई नजर आ रही है और उसके हाथ में कोल्ड ड्रिंक की बोतल दिखाई दे रही है। इस तस्वीर के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। लोगों का आरोप है कि इतने गंभीर और जानलेवा अपराध की आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में 'वीआईपी ट्रीटमेंट' (विशेष सुविधाएं) दिया जा रहा है। हालांकि,पुलिस प्रशासन की ओर से इस वायरल फोटो और आरोपों पर अभी तक कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले के अन्य पहलुओं और हथियारों के स्रोत की जांच कर रही है।



### आरोपी को कोर्ट ने भेजा जेल

आरोपी सुनीता परिहार को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायलय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी महिला सुनीता परिहार के खिलाफ पुलिस ने बीएस की धारा 109 जान से करने का प्रयास और धारा 296 गाली गलोज करना का अपराध पंजीबद्ध किया है। टीआई सतीश मिश्रा के मुताबिक आरोपीय महिला की रायसेंसी राइफल जप्त की गई है साथ ही मौके से चार खाली खोखे मिले हैं।

---

# 35 किलो 90 ग्राम अवैध गांजा एवं 9 लाख रुपये की कार जप्त, तस्कर की तलाश जारी



**मैहर।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा गौरव राजपूत के निर्देशन में संचालित विशेष अभियान " ऑपरेशन प्रहार 2.0" के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरपाटन ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रामनगर निरीक्षक विजय त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन जप्त किया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस को पता चला था कि जिगना-हिनौती मार्ग पर ग्राम खोडरी मोड़ के समीप जंगल किनारे एक संदिग्ध वैगनआर कार क्रमांक यूपी 64 एल 6036खड़ी है,जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है। तलाशी के दौरान वाहन की मध्य सीट पर रखे एक बड़े बैग तथा डिक्की में रखी एक काले रंग की झालनुमा बोरी से कुल 37 पैकेट बरामद किए गए। सभी पैकेटों की जांच एवं वजन कराने पर उनमें कुल 35 किलो 90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया,जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 25 हजार रुपये है। साथ ही मादक पदार्थ के परिवहन में प्रयुक्त वैगनआर कार क्रमांक यूपी 64 एल 6036 कीमत लगभग 09 लाख रुपये को भी जप्त किया गया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया कि वाहन चालक पुलिस अथवा राहगीरों की गतिविधियां देखकर वाहन में मादक पदार्थ छोड़कर मौके से फरार हो गया। आरोपी के विरुद्ध थाना रामनगर में धारा 8/20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।





मैहर में पीडब्ल्यूडी की अनदेखी

# पहली बारिश में ही बह जाएगी भ्रष्टाचार की 'भेंट' चढ़ी करोड़ों की सड़क



**मैहर। मैहर नगर के वार्ड क्रमांक 2 से उदयपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग लोक निर्माण विभाग और ठेकेदार के कथित भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। सालों की बदहाली के बाद शुरू हुआ यह निर्माण कार्य तकनीकी मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाकर किया जा रहा है।** स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विभाग में व्याप्त भारी कमीशनखोरी के चलते ठेकेदार अनियंत्रित मुनाफाखोरी कर रहा है। मौके पर गुणवत्ता की जांच करने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं है। सड़क की हालत इतनी बदतर है कि पग-पग पर बने गड्ढों के कारण लोग रात के अंधेरे में गिरकर घायल हो रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, यदि इस घटिया निर्माण को तुरंत नहीं रोका गया,तो पहली ही बारिश में जनता के टैक्स के करोड़ों रुपए पानी में बह जाएंगे।



### आंदोलन की चेतावनी

वार्डवासियों ने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के शीर्ष अधिकारियों को चेतावनी दी है कि इस निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए और इसकी उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। स्थानीय जनता का कहना है कि बेहतर कनेक्टिविटी के नाम पर उन्हें सिर्फ 'सड़क का झुनझुना' थमाया गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए,तो पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव कर उग्र जन-आंदोलन शुरू किया जाएगा।

---

## जिला बदर का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सतना।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश का उल्लंघन करने पर नागौद पुलिस ने जिला बदर आरोपी निशांत सिंह उर्फ देव सिंह परिहार (22 वर्ष) को उसके गांव इटमा उबारी से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।



## मैहर शहर में पटरी से उतरी यातायात व्यवस्था

### प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का कर रहा है इंतजार

**मैहर।** शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। घंटाघर चौराहे से लेकर ओवरब्रिज तक सड़क पर अव्यवस्थित पार्किंग,बढ़ता अतिक्रमण और यातायात नियंत्रण की कमी के कारण आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि व्यस्त मार्ग होने के बावजूद यहां व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।आए दिन जाम की स्थिति बनती है,जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को परेशानी होती है। युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द यातायात व्यवस्था दुरुस्त की जाए,अतिक्रमण हटाया जाए और लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक कार्रवाई करता है या फिर किसी हादसे के बाद ही व्यवस्था सुधारी जाएगी।





## रीवा रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान,12 चालान काटे गए

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश एवं मार्गदर्शन में मैहर यातायात प्रभारी विक्रम पाठक एवं उनकी टीम द्वारा रीवा रोड पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई तथा आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने,चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन में अवैध रूप से लगाई गई काली फिल्म हटाने की समझाइश दी गई। साथ ही बिना एचएसआरपी (HSRP) नंबर प्लेट वाले वाहनों की भी जांच की गई। यातायात प्रभारी विक्रम पाठक ने मालवाहक वाहनों में सवारी न बैठाने की समझाइश दी तथा ट्रैक्टर चालकों को चेतावनी दी कि वे ट्रैक्टर-ट्रॉली में छड़ एवं अन्य सामान खतरनाक तरीके से लोड कर परिवहन न करें,क्योंकि इससे सड़क दुर्घटना होने और मानव जीवन संकट में पड़ने की आशंका रहती है। कार्रवाई के दौरान कई वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 12 वाहन चालकों के चालान काटे गए। इस दौरान यातायात पुलिस की टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे और नियमों के पालन हेतु लोगों को जागरूक किया। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन कर दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग दें।

# आशा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरही

**स्वास्थ्य सेवा में अहम जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाली आशा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर हुंकार भरी और देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौप कर 21 हजार रुपए मानदेय देने की मांग की।**

आशा एकता संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष हीरादेवी सिंह चन्देल के आह्वान पर ब्लाक अध्यक्ष साधना सिंह के नेतृत्व में और संघ के प्रदेश संरक्षक अमित पटेल की उपस्थिति में कटनी जिले के बरही नगर में आशा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। तहसील कार्यालय बरही पहुँच कर 11 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौपा गया।

### ये है मुख्य मांग

सौपे गए ज्ञापन में गर्ववती शीघ्र पंजीयन की राशि 200 रुपए, शाला त्यागी बच्चों की मोबालाइजर राशि 100 रुपए, कुपोषित बच्चों की भर्ती उपरांत फॉलोअप की राशि 900 राशि जो बंद कर दी गई है, उसे दिलाने, वर्ष 2023 में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मानदेय में 1000 रुपए प्रतिवर्ष बढाने की घोषणा पर अमल करने, मद का बजट स्पष्ट करने, प्रत्येक माह का भुगतान एकमुश्त करने, सेवा समाप्ति के नोटिश पर पाबंदी लगाने, डिजिटल कार्य के लिए मोबाइल उपलब्ध कराने या नगद राशि जारी करने, अन्य विभागों में ड्यूटी न लगाने या फिर लगाने पर मानदेय देने, मातृत्व अवकाश का लाभ देकर राशि यथावत रखने, शीघ्र पंजीयन का राशि दिलाने, 04 एएनसी की राशि दिलाने आदि मांग शामिल है। रैली और ज्ञापन के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग कर रहे है कि 6000 रुपए के मानदेय से उनका परिवार नही चलता, इसलिए 21 हजार रुपए मानदेय किया जाए।



### पीएम स्वनिधि के तहत अधिकतम क्रेडिट कार्ड जारी करने के निर्देश

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में सतना जिले की बैंकर्स समिति (डीएलसीसी) की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने स्वनिधि महोत्सव के तहत छोटे शहरी व्यवसायियों को अधिकतम ऋण और क्रेडिट कार्ड देने के निर्देश दिए। साथ ही 2030 तक हर 5 किमी के दायरे में बैंकिंग सुविधा देने का लक्ष्य रखा गया।

### टमस नदी तट पर स्वच्छता अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सतना। विश्व पर्यावरण दिवस पर सतना नगर निगम और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में कृपालपुर स्थित टमस नदी तट पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस की उपस्थिति में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई और पर्यावरण संरक्षण हेतु बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर देखभाल का संकल्प लिया गया।

### सतना कलेक्ट्रेट में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित, 24 घंटे रहेगा सक्रिय

सतना। अतिवर्षा और बाढ़ से निपटने के लिए सतना कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह 15 जून से 30 सितंबर तक 24 घंटे चालू रहेगा। डिप्टी कलेक्टर लक्ष्यराम जांगड़े को इसका प्रभारी बनाया गया है। आपदा की सूचना दूरभाष क्रमांक 07672-223211 पर दी जा सकती है।

**खबर संक्षेप**

### जनपद में आयोजित हुआ दिव्यांग शिविर एवं जनकल्याणकारी शिविर



**पन्ना।** विकासखंड शाहनगर में दिव्यांग जनों की सुविधा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्यांग शिविर एवं जनकल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं हितग्राही शामिल हुए। दिव्यांग शिविर के दौरान दिव्यांगजनों के आवेदन पत्र भरवाए गए तथा पात्र हितग्राहियों को कृत्रिम अंग एवं प्रोस्थेटिक लेग उपलब्ध कराए गए। वहीं पंजीयन भी कराए गए जिसमें दिव्यांगजनों को आगामी चरण में उपयोगी सहायक उपकरण एवं ट्राइसाइकिल का वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित जन कल्याणकारी शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। संबल योजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया भी संपन्न हुई।

### अजयगढ़ रेस्ट हाउस के रहस्यमयी कुएं में आधी




**पन्ना।** अजयगढ़ रेस्ट हाउस कुआं इन दिनों रहस्य और चर्चाओं का केंद्र बना हुआ है। नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य के बीच स्थानीय लोगों में यह चर्चा तेज है कि वर्षों पहले इसी कुएं से कथित रूप से खजाना मिला था। इसी कड़ी में सूत्रों के अनुसार, बीती कई रातों के अंधेरे में मशीनों की मदद से कुएं के अंदर खजाने की तलाश की गई। बताया जा रहा है कि पूरी कार्रवाई बेहद गोपनीय तरीके से की गई, जिससे क्षेत्र में तरह-तरह की अटकलें लगने लगी हैं। सूत्रों का दावा है कि खोज के दौरान कुछ महत्वपूर्ण वस्तुएं मिलने की चर्चा है, हालांकि इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर उस प्राचीन कुएं में ऐसा क्या छिपा है, जिसके लिए रात के अंधेरे में मशीनें उतारनी पड़ीं? अजयगढ़ में यही चर्चा हर जुबान पर है।

### श्रमयोगी मानधन योजना के तहत विशेष पंजीयन अभियान के संबंध में निर्देश

**पन्ना।** भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना संचालित है। सभी पात्र हितग्राहियों को इस योजना का लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से जिले में पंजीयन अभियान चलाया जा रहा है। योजना अंतर्गत वर्तमान पंजीकरण की प्रगति पन्ना जिले में न्यून है। इसलिए अब विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में किया जा रहा है। गत 9 जून से निरंतर विभिन्न स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया गया। अब 13 एवं 14 जून को महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना शहरी, पन्ना ग्रामीण, गुनौर, अजयगढ़, पवई और शाहनगर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष पंजीयन शिविर लगेंगे, जबकि 15 एवं 16 जून को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अजयगढ़, शाहनगर, पवई, गुनौर और पन्ना में स्वसहायता समूह की महिलाओं के योजना में पंजीयन के लिए शिविर लगाया जाएगा।

# मानवता की मिसाल, महीनों से भटक रही दो मानसिक रूप से अस्वस्थ महिलाओं को मिला सुरक्षित आश्रय

**देवेन्द्रनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेन्द्रनगर के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन के नेतृत्व में आज मानवता एवं सामाजिक दायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं असहाय दो महिलाओं को सुरक्षित संरक्षण एवं पुनर्वास उपलब्ध कराया गया।** उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों महिलाएं विगत कई महीनों से देवेन्द्रनगर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिना किसी स्थायी आश्रय के भटक रही थीं कई बार वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भी रुक जाती थीं तथा रात्रि में खुले स्थानों पर रहने को विवश थीं, जिससे उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को निरंतर खतरा बना हुआ था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. अभिषेक जैन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मानवीय संवेदनाओं के साथ पहल करते हुए दोनों महिलाओं के संबंध में जानकारी एकत्रित करने एवं उनके पुनर्वास के प्रयास किए गए। प्रयासों के परिणामस्वरूप एक महिला को सुरक्षित देखभाल एवं संरक्षण हेतु सेवा सदन आश्रम में भर्ती कराया गया, जबकि दूसरी महिला के परिजनों का पता लगाकर उसे सकुशल उसके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया। दोनों महिलाओं को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बीएमओ वाहन की व्यवस्था की गई इस संपूर्ण मानवीय कार्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष रूप से अन्नू वाल्मीकि सुधीर उपाध्याय एवं यूनुस खान ने महिलाओं की देखभाल, समन्वय एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि समाज के कमजोर एवं असहाय वर्गों की सहायता करना केवल प्रशासनिक दायित्व ही नहीं बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं निराश्रित व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन एवं सुरक्षा प्रदान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्थानीय नागरिकों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवता, संवेदनशीलता एवं सामाजिक सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण बताया है इस कार्य से न केवल दोनों महिलाओं को सुरक्षित जीवन का अवसर मिला है बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों को भी मजबूती मिली है।



## सड़क दुर्घटना में आरक्षक अभयराज श्रीवास का निधन, पुलिस अधीक्षक ने दी श्रद्धांजलि



**पन्ना।** पन्ना पुलिस के कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित पुलिसकर्मी आरक्षक अभयराज श्रीवास, जो थाना अजयगढ़ में पदस्थ थे, का विगत रात्रि एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से पुलिस विभाग एवं क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस दुःखद एवं हृदयविदारक घटना पर पुलिस अधीक्षक पन्ना ने दिवंगत आरक्षक अभयराज श्रीवास के निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने परिवार को इस कठिन समय में हर संभव सहयोग एवं सहायता का आश्वासन भी दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अभयराज श्रीवास एक कर्तव्यनिष्ठ, मेहनती और समर्पित पुलिसकर्मी थे, जिनकी सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। उनके निधन से पन्ना पुलिस परिवार ने एक कर्मठ एवं जिम्मेदार सदस्य को खो दिया है। पन्ना पुलिस परिवार ने अपने समर्पित साथी के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

## कुर्सी मोड़ के पास दर्दनाक सड़क हादसा, ट्राला की टक्कर से 2 वर्षीय मासूम की मौत, महिला गंभीर घायल






**अमानगंज।** पन्ना-अमानगंज मुख्य मार्ग पर कुर्सी मोड़ के पास शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक दो वर्षीय बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार फरियादी गुमान आदिवासी उम्र 15वर्ष, निवासी ग्राम विलहटा, हाल निवास तारा टेक, थाना अमानगंज अपनी मोटरसाइकिल से अपनी दीदी सावित्री बाई और दो वर्षीय भांजे मुकेश आदिवासी को लेकर तारा टेक से अमानगंज जा रहा था। सुबह करीब 9 बजे कुर्सी मोड़ के पास ट्राला क्रमांक छस्01।ज्ञ2131 के कट लगने से बाइक लहरा गई और बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई , जिससे बाइक में सवार सभी सड़क पर गिर गए, इसी दौरान ट्राला का पिछला पहिया दो वर्षीय मुकेश के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सावित्री बाई के दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद चालक ट्राला छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्राला को जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## ब्राह्मण समाज के सम्मान की रक्षा के लिए सवर्ण संगठन का संघर्ष जारी

### खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा से मिलकर की त्वरित एफआईआर की मांग, प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**पन्ना।** विगत दिनों समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा सकल ब्राह्मण समाज के संबंध में की गई कथित आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी को लेकर सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मध्यप्रदेश लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय विष्णुदत्त शर्मा (बी.डी. शर्मा) से उनके पन्ना स्थित निवास पर भेंट कर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को अवगत कराया कि राजकुमार भाटी द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई टिप्पणी से प्रदेश सहित देशभर के ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन द्वारा अजयगढ़ थाना सहित पन्ना, सतना, छतरपुर, दमोह एवं सागर जिलों में एफआईआर दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश सरकार के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं मंत्रियों से भी व्यक्तिगत रूप से भेंट कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया गया है। संगठन ने बताया कि माननीय प्रभारी मंत्री पन्ना तथा रहली विधायक गोपाल भार्गव एवं कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत से भी इस विषय पर चर्चा कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जा चुकी है, किंतु अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से अनुरोध किया कि वे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करें, ताकि सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाले इस प्रकरण में विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। सांसद को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि किसी भी समाज, वर्ग या समुदाय के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियों पर कठोर कार्रवाई होना लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल में सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर अजय तिवारी, अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जिला इकाई पन्ना के जिलाध्यक्ष पंडित देवेंद्र पाठक ष्भैरव महाराजष् तथा युवा नेता रोहित दुबे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में सवर्ण अधिकारी एवं कर्मचारी संगठन सामाजिक सम्मान, संवैधानिक अधिकारों तथा विभिन्न जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संगठन की बढ़ती सक्रियता और व्यापक जनसंपर्क के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में समाज के लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है।

## अतिथि शिक्षकों को 16 जून से शाला में उपस्थित कराया जाए- जीतेन्द्र गर्ग



**पवई।** मध्य प्रदेश अतिथि शिक्षक संघ जिला इकाई पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र गर्ग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके मध्य प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी से समाचार पत्र के माध्यम से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों को 16 जून से विद्यालय में उपस्थित कराया जाए। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा 8 जून से समस्त शिक्षकों को विद्यालय में उपस्थित कराया जा चुका है परंतु अतिथि शिक्षक अपना बुलावा आने की राह देख रहे हैं मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी से श्री गर्ग निवेदन करते हैं कि अतिथि शिक्षक भी नियमित शिक्षकों की भांति शिक्षक हैं मध्य प्रदेश का अच्छा परीक्षा परिणाम अतिथि शिक्षकों की ही देन है अतिथि शिक्षकों के कठिन मेहनत एवं परिश्रम से मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम अच्छा आया है सरकारी स्कूलों का अच्छा परीक्षा परिणाम आया है। अतिथि शिक्षक मई माह में घर में बैठे रहे। अतिथि शिक्षकों के भी बच्चे एवं पत्नी हैं उनको भी अपने भरण पोषण के लिए पैसों की आवश्यकता है। अपना जीवन यापन करने के लिए वे शिक्षक कार्य के अलावा दूसरा कार्य करने में संकोच करते हैं अतः शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों की जॉइनिंग करवाई जावे।

### 17 जून को पन्ना गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी छत्रसाल जयंती

**पन्ना।** बुन्देल केसरी महाराजा छत्रसाल जयंती इस वर्ष भी पन्ना गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा बुधवार, 17 जून को स्थानीय छत्रसाल पार्क में रात्रि 8 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पन्ना विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा शामिल होंगे, जबकि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की जाएगी।

## गुनौर नितिन एच.पी. गैस एजेंसी में खत्म हुई सिलेंडरों की किल्लत, होम डिलीवरी सेवा हुई शुरू



**गुनौर।** पिछले कई महीनों से गैस सिलेंडर की किल्लत से जूझ रहे गुनौर क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। गुनौर की नितिन एच.पी. गैस एजेंसी में लंबे समय से चली आ रही गैस संकट की स्थिति अब सामान्य होती दिखाई दे रही है। एजेंसी में सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता होने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के घरों तक होम डिलीवरी सेवा भी पुनः शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि बीते महीनों में गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता था। कई बार सुबह से लेकर शाम तक इंतजार करने के बाद भी लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता था। गैस की कमी को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार नाराजगी देखी जा रही थी और सोशल मीडिया से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों तक शिकायतों का दौर जारी था। गुनौर में गैस किल्लत की खबरें भी लगातार सामने आ रही थी आई थीं। अब एजेंसी में सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति शुरू होने के बाद स्थिति में सुधार आया है। एजेंसी प्रबंधन नरेन्द जैन द्वारा उपभोक्ताओं को घर बैठे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए होम डिलीवरी व्यवस्था को भी गति दी गई है, जिससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। एचपी गैस की आधिकारिक व्यवस्था के अनुसार उपभोक्ताओं के लिए बुकिंग और डिलीवरी सेवाओं के कई विकल्प उपलब्ध हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति और होम डिलीवरी व्यवस्था इसी प्रकार जारी रही तो लोगों को बार-बार एजेंसी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और रसोई गैस की समस्या से स्थायी राहत मिल सकेगी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में गैस संकट जैसी स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होगी और एजेंसी उपभोक्ताओं को समय पर बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराती रहेगी।

## कलेक्टर ने पन्ना एवं अजयगढ़ के जन कल्याण शिविर का किया निरीक्षण



### तीन दिवसीय शिविर में समस्त पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को पन्ना एवं अजयगढ़ जनपद पंचायत परिसर में नगरीय निकाय के साथ आयोजित जनकल्याण शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर अधिकाधिक संख्या में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के निर्देश उपस्थित विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभाग स्तर पर लंबित आवेदनों के निराकरण सहित शिविर में प्राप्त आवेदनों का इस तीन दिवसीय शिविर में अनिवार्यतः निराकरण सुनिश्चित हो। पूर्व में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के शेष पात्र लोगों के आवेदनों का निराकरण भी किया जाए। जिला कलेक्टर ने प्रमुख रूप से बच्चों के स्कूलों में दाखिले के लिए जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड सहित संबल कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिविर में अधिकतम आवेदनों के निराकरण के साथ ही रुंझ एवं मझगांय परियोजना के कारण विस्थापित चार ग्रामों के बच्चों को संबंधित विभाग की सभी सेवाएं प्राप्त हों। इसके साथ ही विस्थापित ग्रामों में टीम भेजें और प्राप्त आवेदनों का शिविर में निराकरण करें। कलेक्टर ने शिविर का विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर एवं गांव में मुनादी के जरिए भी अधिकतम हितग्राहियों की शिविर में सहभागिता के लिए कहा।

कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि जनकल्याण शिविर में 100 दिवस से अधिक की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों तथा लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत भी आवेदनों का निराकरण करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को शिविर के परिणाममूलक क्रियान्वयन के लिए अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को ताकीद करने की बात कही। इस दौरान तीन दिवसीय शिविर के माध्यम से एक स्थान पर सेवाओं एवं शिकायतों के सुगमतापूर्वक निराकरण का आश्वासन भी उपस्थितजनों को दिया गया। शिविर स्थल पर विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं के लाभ की प्रक्रिया बताई गई। जनसामान्य से शनिवार एवं रविवार को भी शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने शिविर की उपयोगिता और रूपरेखा पर प्रकाश डाला तथा शिविर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने ग्राम पंचायत द्वारा विकास कार्यों के लिए कर संग्रहण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायतों की परिसंपत्तियों को पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके पूर्व जिला कलेक्टर द्वारा शिविर स्थल पर पंजीयन काउंटर सहित विभागीय स्टॉल का अवलोकन भी किया गया। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा विभागीय सेवाओं और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में अवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हुई जागरूकता कार्यशाला



**पन्ना।** श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला पंचायत के सभागार में एक निजी समाजसेवी संस्था के सहयोग से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम एवं एसडीएम संजय कुमार नागवंशी सहित श्रम निरीक्षक वेदमणि दाहिया व शासकीय एवं अशासकीय सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में पन्ना जिले को बाल श्रम मुक्त करने की दिशा में आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही निरंतर रूप से बाल एवं किशोर श्रम के विरूद्ध जनजागरूकता गतिविधियों के आयोजन सहित संस्थाओं के निरीक्षण और पुनर्वास के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि विभिन्न स्थापनाओं, ढाबा, होटलों, ईंट भट्टों इत्यादि में बाल श्रमिकों को नियोजित पाए जाने पर नियोजक के विरूद्ध बाल कुमार श्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 संशोधित अधिनियम 2016 के अंतर्गत कड़ी सजा का प्रावधान है। इसमें न्यूनतम 6 माह से 2 वर्ष का कारावास या न्यूनतम 20 हजार रूपए से अधिकतम 50 हजार तक का अर्थदण्ड अथवा दोनों से सजाओं से दंडित किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बागेश्वर धाम पहुंचे पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल



छतरपुर। मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन राज्य मंत्री लखन पटेल ने गुरुवार को बागेश्वर धाम पहुंचकर बागेश्वर बालाजी भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। बागेश्वर धाम में पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने राज्य मंत्री लखन पटेल का आत्मीय स्वागत किया और उन्हें पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण चर्चा भी हुई।

### छतरपुर में विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण संपन्न

नौगांव/छतरपुर। राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) के निर्देशानुसार जिले के हायर सेकेंडरी विद्यालयों में पदस्थ भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान विषय के शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रायोगिक प्रशिक्षण संस्थान (सीमेट) के मार्गदर्शन में सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कौशल सिंह के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी विद्यालयों के 172 विज्ञान शिक्षकों ने सहभागिता की तथा प्रयोगात्मक दक्षताओं को विकसित करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि जी.पी. अग्रवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.के. वर्मा ने की। आभार प्रदर्शन डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता योगेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान छह मास्टर ट्रेनर्स—प्रेमचंद प्रजापति, सुरेंद्र बहादुर प्रजापति, रूपेंद्र अरजरिया, शैलेंद्र बाडोलिया, जयंती चौरसिया एवं प्रकाश खरे ने सीमेट के निर्देशानुसार शिक्षकों को प्रयोगात्मक अभ्यासों का प्रशिक्षण प्रदान किया।इन सभी मास्टर ट्रेनर्स को पूर्व में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान द्वारा राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया था। अपने उद्बोधन में जी.पी. अग्रवाल ने प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई प्रयोगात्मक गतिविधियों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर बल देते हुए कहा कि विज्ञान विषय में निरंतर अभ्यास से ही दक्षता विकसित होती है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालयों की प्रयोगशालाओं को सुसज्जित एवं क्रियाशील बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं प्राचार्य आर.के. वर्मा ने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे विद्यार्थियों को निर्धारित सभी प्रायोगिक कार्य निष्ठा, लगन और गुणवत्ता के साथ संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त होने पर एनएसयूआई का प्रदर्शन, चुनाव आयोग का फूंका पुतला



छतरपुर। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में शुक्रवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शहर के छत्रसाल चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग का पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ भी नारे लगाए और नामांकन निरस्त किए जाने को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध बताया। पुतला दहन के समय पुलिस एवं प्रशासनिक अमले की मौजूदगी रही। पुतले को बुझाने और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस द्वारा वाटर कैनन का उपयोग किया गया। एनएसयूआई आईटी सेल अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। इसी के विरोध में संगठन द्वारा चुनाव आयोग का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रख रहे हैं और इस निर्णय को लेकर युवाओं में आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान नगर अध्यक्ष ऋतिक गोस्वामी, शिवम शर्मा, हरिओम असाटी, नारद परमार, बद्री पटेल, अजय चतुर्वेदी, सचिन, प्रिंस, राज, हरिराम, प्रथम सहित एनएसयूआई एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### बजरंग दल का कहना : पहले अपराधियों के मकानों में चले बुल्डोजर

# बजरंग दल के विरोध पर अधूरी कार्यवाही छोड़कर लौटे प्रशासन के बुल्डोजर

छतरपुर।

काफी लम्बे समय बाद पीडब्लूडी विभाग के जर्जर भवनों पर बुल्डोजर चलाने की कार्यवाही पर शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई। जब प्रशासन के बुल्डोजर का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए उन्हें बिना कार्यवाही के बापस लौटने के लिए मजबूर कर दिया। नाराज हिन्दू संगठन सड़कों पर आ गया और गरीबों पर कि जा रही कार्यवाही का विरोध जमकर किया। जिस कारण प्रशासन के बुल्डोजर और अधिकारियों को अधूरी कार्यवाही छोड़ कर बापिस लौटना पड़ा। हिन्दू संगठनों खासकर बजरंग दल ने यह मुद्दा उठाया था कि यदि बुल्डोजर ही चलाना है तो पहले माफियाओं और बड़े अपराधियों के मकानों पर चलाओ इन भवनों पर गरीब लोग रहते है, हालांकि यह कार्यवाही लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित किए गए उन 10 मकानों पर होनी थी जो कंडम हो चुके थे और उन पर लोग अबैध रूप से कब्जा जमाए हुए थे, नोटिस देने के बाद भी खाली नहीं किए जा रहे थे। शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर पीडब्लूडी, नगरपालिका, राजस्व अमला और पुलिस विभाग ने मिलकर इस कार्यवाही को अंजाम देना चाहा। जैसे ही यह कार्यवाही शुरू हुई और चार मकान तोड़े गए बैसे ही हिन्दू संगठनों को जानकारी लगी तो बजरंग दल के प्रखर भट्ट के नेतृत्व में मोर्चा संभाल लिया गया और तहसीलदार, पीडब्लूडी के कार्यपालन यंत्री से जमकर वहस हुई। अंत में इन अधिकारियों को कार्यवाही को अधूरी छोड़कर बापिस लौटना पड़ा, क्योंकि बजरंग दल द्वारा भारी विरोध करके स्पष्ट कहा जा रहा था कि पहले टौरिया मोहल्ला के अपराधियों के मकान पर बुल्डोजर चले फिर गरीबों के मकानों पर। बजरंग दल की इस जिद के आगे प्रशासनिक अधिकारियों को अपना निर्णय बदलना पड़ा।





#### टौरिया मोहल्ला कांड को लेकर व्यापारी आज बाजार रखेगे बंद -

बीते दिनों टौरिया मोहल्ला में हुई घटना को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा आबाज बुलंद नहीं किए जाने पर व्यापारी संगठनों ने 11 जून को गल्लामंडी रामचरित मानस में शाम के समय एक बैठक का आयोजन किया। और इस बैठक में सभी व्यापारियों ने टौरिया मोहल्ला कांड को लेकर भारी विरोध जताया। व्यापारियों का स्पष्ट कहना था कि बुल्डोजर नहीं चला तो बोट नही इसके अलावा जनप्रतिनिधियों की चुप्पी को लेकर भी व्यापारियों ने तमाम सबाल खड़े किए और उनका एकजुट होकर स्पष्ट कहना था कि पहले टौरिया मोहल्ला कांड के अपराधियों के घरों पर बुल्डोजर चलाया जाए। इस घटना के विरोध में सभी व्यापारियों ने 13 जून को बाजार बंद रखने का आवाहन किया। और शुक्रवार को व्यापारियों ने अनोखे अंदाज में 13 जून के बंद के लिए ऐलान करते हुए व्यापारियों से अपनी दुकानें बंद रखने के लिए अपील की।

---

# जनसुनवाई में एसडीएम गोपाल शरण पटेल का बड़ा फैसला, जर्जर ओवरहेड टैंक हटाने की प्रक्रिया शुरू

### 50 वर्ष पुरानी पानी की टंकी को लेकर शिकायत मिलते ही एसडीएम ने दिए तत्काल निर्देश

**नौगांव। जनसुनवाई में प्राप्त एक महत्वपूर्ण शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने जनहित में बड़ा निर्णय लिया है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम को बताया कि तहसील कार्यालय के समीप स्थित पुराना ओवरहेड पानी का टैंक लगभग 50 वर्ष पुराना हो चुका है तथा वर्तमान में कंडम स्थिति में है। लंबे समय से इसमें पानी का भंडारण भी नहीं किया जा रहा है, जिससे इसके कभी भी धराशायी होने का खतरा बना हुआ है।**



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने तत्काल नगर पालिका परिषद नौगांव के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आर.एस. अवस्थी को निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से समन्वय स्थापित कर टैंक का निरीक्षण कराया जाए तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उसे कंडम घोषित कर ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए। एसडीएम के निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद नौगांव ने कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग नौगांव को पत्र जारी कर टैंक का तकनीकी निरीक्षण कराने एवं उसे कंडम घोषित करने संबंधी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। प्रशासन का मानना है कि समय रहते यह कदम उठाए जाने से किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सकेगा और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर एसडीएम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की नगरवासियों ने सराहना की है।

---

# रामजानकी मंदिर में संतों का संगम, करोड़ों रामनाम लेखन महोत्सव का हुआ भव्य समापन

छतरपुर। पठापुर रोड स्थित श्री रामजानकी मंदिर हर्षण कुंज में आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम नाम महोत्सव का शुक्रवार को भक्ति, श्रद्धा और संत समागम के साथ भव्य समापन हुआ। प्रभात फेरी मंडल द्वारा जगतगुरु श्री बल्लभाचार्य जी महाराज के आशीर्वाद एवं महंत श्री परसोत्तम दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संतजन शामिल हुए।



महोत्सव का शुभारंभ 10 जून को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। श्री रामजानकी मंदिर से निकली कलश यात्रा नगर के विभिन्न वार्डों से होते हुए हनुमान टोरिया पहुंची। यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता की, वहीं करोड़ों रामनाम लेखन की पवित्र पुस्तक भी श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा में शामिल की गई। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

समापन अवसर पर संतों का विशेष समागम आयोजित किया गया, जिसमें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा हिंदू समाज की एकजुटता को लेकर मंथन किया गया। संतों ने समाज को धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान रामजानकी मंडल द्वारा उपस्थित संतों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। संतों ने सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण की, जिसके बाद श्रद्धालुओं के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के सदस्य मुकेश मिश्रा ने बताया कि यह अपने प्रकार का अनूठा आयोजन है, जिसमें करोड़ों रामनाम लेखन की पुस्तक के साथ नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। उन्होंने बताया कि 11 जून को रामनाम अर्चन एवं भक्तमाला कथा का आयोजन किया गया, जबकि 12 जून को रामनाम अर्चन, संत संगोष्ठी, रामनाम महिमा का वर्णन तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

---

# सटई अस्पताल में दो दिन से डॉक्टर नदारद, मरीज बेहाल एमएलसी के लिए घायल और पुलिस कर्मी भी परेशान

सटई। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सटई की स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। अस्पताल में पदस्थ चार डॉक्टरों के बावजूद पिछले दो दिनों से एक भी चिकित्सक के अस्पताल नहीं पहुंचने का आरोप लगाया गया है। डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरी में कई लोग झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराने को विवश हैं।

भीषण गर्मी और मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन चिकित्सकों के न मिलने से उन्हें बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा है। मरीज पूजा ने बताया कि वह दो दिनों से अस्पताल के चक्कर लगा रही हैं, लेकिन कोई डॉक्टर नहीं मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें उपचार और बोतल चढ़वाने की आवश्यकता थी, लेकिन सुबह 10 बजे से दोपहर तक इंतजार करने के बाद भी कोई चिकित्सक नहीं आया। इसी तरह बहारगंज और बरया से आई महिलाओं ने भी



आरोप लगाया कि कई दिनों से अस्पताल आने के बावजूद उन्हें डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं, जिसके कारण बिना उपचार घर लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

अस्पताल में केवल मरीज ही नहीं, बल्कि एमएलसी के लिए पहुंचे घायल और पुलिसकर्मी भी परेशान हैं। विवाद में घायल हुए ऋषि विश्वकर्मा ने बताया कि वह एक दिन पहले भी एमएलसी कराने अस्पताल आए थे, लेकिन डॉक्टर नहीं मिले। अगले दिन भी दोपहर तक इंतजार करने के बावजूद कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं हुआ। वहीं नगर सेना के जवान रामआसरे ने बताया कि सटई अस्पताल में एमएलसी कराना हमेशा चुनौती बना रहता है। दुर्घटना या मारपीट के मामलों में पुलिस और घायलों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि अधिकांश समय डॉक्टर अनुपस्थित रहते हैं।

#### ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल की व्यवस्थाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं।

---

# आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे की मौत, गांव में शोक की लहर

बमीठा। बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत पथरगुवा हार में आकाशीय बिजली गिरने से एक चरवाहे की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बाहरपूरा निवासी ललतू पाल 62 वर्ष पिता मंगल पाल के रूप में हुई है।



जानकारी के अनुसार ललतू पाल गुरुवार को अपनी भैंस और बकरियां चराने के लिए पथरगुवा हार क्षेत्र में गए थे। शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच क्षेत्र में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इस दौरान आसमान में तेज गर्जना और बिजली चमकने की घटनाएं भी हुईं। बारिश थमने के बाद पशु तो अपने आप घर लौट आए, लेकिन ललतू पाल वापस नहीं पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों को जब उनकी चिंता हुई तो उन्होंने खोजबीन शुरू की। रात करीब 9 बजे ललतू पाल का शव पथरगुवा हार स्थित केन नदी के पास एक नाले के किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आने से उनकी मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही चंद्रनगर चौकी प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए राजनगर स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

---

# कौस्मिक ऊर्जा तरंग तकनीक से कच्चे तेल और भू-जल खोज का दावा

छतरपुर। स्थानीय शोधकर्ता संतोष द्विवेदी ने एक प्रेस नोट जारी कर दावा किया है कि उन्होंने वर्षों के अथक प्रयास से कौस्मिक ऊर्जा तरंग प्रौद्योगिकी पर आधारित कुछ विशेष उपकरण विकसित किए हैं। दावा किया गया है कि ये उपकरण मानव ऊर्जा के एक निश्चित अनुपात से संचालित होते हैं और इन्हें किसी अन्य बाहरी ऊर्जा स्रोत की आवश्यकता नहीं होती है। शोधकर्ता के अनुसार, वर्ष 2012-13 में इस तकनीक के शुरुआती निर्माण के समय ही भारत सरकार को इससे अवगत कराया गया था, जिसके बाद तकनीकी परीक्षण के लिए भीमकुण्ड के पास भू-जल स्रोत खोज के दौरान विशाल पानी के भंडार का पता चला था।

संतोष द्विवेदी ने बताया गया है कि निरंतर प्रयासों के बाद अप्रैल 2019 के दौरान मध्य प्रदेश, रायपुर और छत्तीसगढ़ के अनेक भू-भागों में इसके सफल नैदानिक परीक्षण किए गए। इस तकनीक को समझने के लिए जल मंत्रालय और सीजीडब्ल्यूबी बोर्ड के साथ कई बैठकें भी हो चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, जुलाई 2019 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के महानिदेशक के साथ भारतीय सीमा में क्रूड-ऑयल भंडारों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई थी। तत्कालीन जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी पेयजल समस्या के समाधान के लिए इस तकनीक की मदद से निर्देश दिए थे, परंतु



कोविड-19 महामारी के कारण आगे का कार्य रुक गया था। वर्तमान में देश की पेट्रोलियम समस्या को देखते हुए शोधकर्ता ने देशहित और जनहित में भारत सरकार से पुनः अपनी इस सटीक तकनीक के माध्यम से समस्या के समाधान के लिए सहयोग की अपील की है। उन्होंने पेट्रोलियम अन्वेषण में उपयोगी तीन मशीनों—क्रूड-ऑयल खोजी मशीन, क्रूड-ऑयल मोटाई मापी मशीन और क्रूड-ऑयल गहराई मापी मशीन के चित्र भी साझा किए हैं।

---

# हिंदी माध्यम के छात्रों को थमा दिया अंग्रेजी का प्रश्नपत्र, विश्वविद्यालय में हंगामा

*छतरपुर*। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई है। शुक्रवार को आयोजित बीए सेकंड ईयर एवं बीए एलएलबी की परीक्षा में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अंग्रेजी माध्यम का प्रश्नपत्र दे दिया गया। इसके बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त समय देने की मांग उठाई।

छात्र राजदीप तिवारी ने बताया कि परीक्षा शुरू होने के बाद हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी का प्रश्नपत्र दिया गया। जब इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात प्रोफेसरों से शिकायत की गई तो मामला कुलगुरु तक पहुंचा। लगभग एक घंटे बाद प्रश्नपत्र का हिंदी अनुवाद उपलब्ध कराया गया, लेकिन छात्रों को अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रबंधन की गलती का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं



छात्र सतेन्द्र शर्मा ने कहा कि बीए एलएलबी की परीक्षा में भी हिंदी माध्यम के छात्रों को अंग्रेजी प्रश्नपत्र थमा दिया गया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन पर मनमानी और लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि महंगी फीस लेने के बावजूद छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब छात्र अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हैं तो प्रशासन पुलिस बुलाकर दबाव बनाने का प्रयास करता है। छात्रा अंजना अहिरवार ने बताया कि परीक्षा के दौरान छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उनका कहना था कि जब छात्रों ने इस संबंध में शिक्षकों से बात की तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की लापरवाही के कारण बड़ी संख्या में छात्रों की एटीकेटी आने का खतरा पैदा हो गया है।

घटना से नाराज विद्यार्थियों और छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर परीक्षा में हुए नुकसान की भरपाई के लिए अतिरिक्त समय देने तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

---

# कलेक्टर द्वारा मछुआ समिति के सदस्यों के साथ बैठक के परिणाम स्वरूप तियरा तालाब का प्रोजेक्ट तैयार

**सिंगरौली**, कलेक्टर गौरव बैनल एवं जीएम सीएसआर एनसीएल राजीव रंजन के द्वारा तियरा ग्राम पंचायत स्थित गर्रा सिंचाई जलाशय का भ्रमण किया गया। विदित हो कि कलेक्टर द्वारा मछुआ समिति के सदस्यों के साथ विगत दिवस बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मछली पालन सह-पर्यटन के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए थे। जिसके फलस्वरूप आज स्वयं कलेक्टरबैनल ने गर्रा जलाशय पहुंचकर 'तियरा जल विहार एवं मत्स्य पालन' के प्रस्तावित प्रोजेक्ट का अवलोकन किया।प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कलेक्टर ने आदिवासी मछुआ सहकारिता समिति तियरा द्वारा किए जा रहे मछली पालन एवं प्रस्तावित जल विहार को पर्यटन एवं मछली उत्पादन का एक बेहतरीन संगम बताया। साथ ही यह भी कहा कि



शीघ्र ही समिति के सभी सदस्यों को रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा।समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से तालाब में आधुनिक केज कल्चर तथा अन्य तकनीकों के माध्यम से मछली उत्पादन किया जाएगा। इसी के साथ ही बतख पालन कर समिति की आय को भी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रस्तावित प्रोजेक्ट में पर्यटन को मद्देनजर रखते हुए तालाब की अधोसंरचना का विकास किया जाएगा, जिसमें रिक्रिएशनल थीम पर आधारित पाथ-वे, प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाने हेतु बैठक व्यवस्था, बोटिंग एक्टिविटीज तथा अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु वृहद रूप से पौधरोपण भी किया जाएगा।इस प्रोजेक्ट का मुख्य आकर्षण जलाशय के बीच स्थित दो टापू होंगे, जिनमें वॉच टॉवर एवं पर्यटकों हेतु अन्य आकर्षक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपके द्वारा तैयार किए गए प्रोजेक्ट को सीएसआर के माध्यम से पूरा सहयोग किया जाएगा। तत्पश्चात कलेक्टर एवं जीएम सीएसआर एनसीएल द्वारा नौका विहार कर तालाब का जायजा लिया गया।

---

### मानसून के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान तेज

**सिंगरौली,** 12 जून 2026/नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार, मानसून के आगमन और आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर भर में स्वच्छता अभियान को युद्धस्तर पर तेज कर दिया गया है। वर्षा काल के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति से निपटने और मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी तारतम्य में निगम के डिप्टी कमिश्नर आर.पी. बैस एवं स्वास्थ्य अधिकारीबी.जी. चतुर्वेदी के द्वारा वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया और मानसून पूर्व तैयारियों का जायजा लिया गया।अभियान के तहत सर्वप्रथम वार्ड क्र. 12 सिम्प्लेक्स कॉलोनी, जयंत का दौरा किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर जलभराव वाले संभावित बिंदुओं की पहचान की गई। साथ ही सफाई अमले को पाबंद किया गया कि मानसून की भारी बारिश से पहले क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी नालियों के अवरोध (ब्लॉक) को पूरी तरह हटा दिया जाए ताकि पानी की निकासी सुगम हो सके।

इसके बाद वार्ड क्र. 23 नवानगर पहुंचकर मानसून में गंदगी के कारण होने वाले जलभराव और मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई। यहां अधिकारियों ने वार्डवासियों से मानसून में गीले कचरे से होने वाली दुर्गंध और जलभराव की समस्या पर चर्चा की तथा सूखा व गीला कचरा अलग-अलग डस्टबिन में देने की समझाइश दी। साथ ही, वर्षा के पानी के जमाव को रोकने के लिए निचले इलाकों और रास्तों के किनारे जमे मलबे व झाड़ियों को भारी जेसीबी मशीनों की मदद से साफ कराया गया, जिससे पानी का प्राकृतिक बहाव न रुके।

## ऋण वितरण में रीवा प्रदेश में 46 वें और सीधी 51 वें पायदान पर: समीक्षा बैठकों तक सीमित होकर रह गई समूहों को ऋण वितरण योजना, बैंकों में डंप पड़े आवेदन, बंद होने की कगार पर समूहों के काम



**रीवा।** सरकारी योजनाओं को सरकार के नुमाइंदे ही पलीता लगाते है जिसकी वजह से आम लोगों तक योजनाओं का लाभनही पहुंच पाता है हालात यह है कि अधिकारी भी शिकायत के बाद इस ओर घ्यान नही देते जिसकी वजह से लोगे का इसका लाभ नही मिल पाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने की योजनाएं मैदानी स्तर पर अपेक्षा के अनुरूप सफल होती नहीं दिख रही है। स्व सहायता समूहों के जरिए जहां कुछ क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं, वहीं जिले के कई हिस्सों में हजारों की संख्या में बैंक से ऋण मिलने का इंतजार कर रही है। बैंकों की धीमी कार्यप्रणाली के कारण कई महिला समूहों के रोजगार और स्वरोजगार आधारित कार्य बंद होने की कगार पर पहुंच गए है। बता दें कि ऋण वितरण की योजना में प्रदेश में सबसे खराब स्थिति रीवा संभाग की रही है। यहां रीवा प्रदेश स्तर पर 46 वें स्थान पर जबकि सीधी 51 वें और सिंगरौली 52 वें स्थान पर पहुंच गया है।सतना की स्थिति कुछ हद तक ठीक बताई गई है। सतना जिला 21 वें पर बताया गया है। यह स्थिति बैंकिंग व्यवस्था और विभागीय समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। बता दें कि कुछ समय पहले इस मामले में मुख्य सचिव ने नाराजगी जाहिर की थी और गति बढ़ाने के निर्देश दिए थे। बावजूद इसके अब तक कोई तेजी नही जा सकी है। आलम यह है कि कई समूहों के संचालक जनसुनवाई में भी आकर इस ममले की शिकायत कर चुके है इसके बाद भी बैंक ऋण देने को तैयार नही है।बैंकों में लंबित है फाइलेंगौरतलब है कि रीवा में सांसद जनार्दन मिश्रा भी एक बैठक के दौरान नाराजगी जाहिर कर चुके है। हाल ही में जनसुनवाई के दौरान कई आवेदकों ने कलेक्टर से शिकायत की है, जिसमें कहा है कि स्व सहायता समूहों द्वारा ऋण के लिए आवेदन किए जाने के महीनों बाद भी फाइलें बैंकों में लंबित पड़ी हैं। समूहों की महिलाओं का आरोप है कि बार-बार बैंक के चक्कर लगाने के बावजूद न तो स्पष्ट जवाब दिया जा रहा है और न ही समय पर ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। महिला समूह से जुड़ी महिलाओं का कहना है कि समय पर ऋण नहीं मिलने से सिलाई, डेयरी, किराना, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य छोटे रोजगार आधारित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कुछ समूहों ने तो आर्थिक संकट के चलते काम बंद करने तक की स्थिति बता दी है। इस पर अब कलेक्टरों को निर्देश मिला है कि वह नियमित रूप से समीक्षा करें।यह है रीवा संभाग की स्थितिसंभाग में रीवा जिले में 8806 प्रकरण बैंकों को ऋण के लिए भेजें गए। जिसमें 2712 समूहों को 61.22 करोड़ रुपए ऋण के रूप में दिए गए। सीधी जिले में 65*7 प्रकरणों में 18*6 में *0.2* करोड़ रुपए, सिंगरौली में 6225 में 1076 समूहों को 2.*6 करोड़ रुपए दिए गए। सतना में 4995 में *5*8 को 9*.06 करोड़ के ऋण मिले हैं। लक्ष्य के मुताबिक रीवा में *7.02, सीधी में 25.24 और सिंगरौली में 2* प्रतिशत काम हुआ है। सतना जिले में लक्ष्य का 85 प्रतिशत प्रकरण निराकृत हुआ है।आखिर कैसे बनें आत्मनिर्भरस्व सहायता कार्यकर्ता संघ द्वारा बताया कि स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना के तहत समूहों का गठन किया गया था। इनका उद्देश्य व्यापक था। ठीक से काम होता तो हर गांव में महिलाएं आत्मनिर्भर बन जाती। कई वर्षों से बैठकें और प्रशिक्षण कार्य बंद हैं। बैंकों से समय पर ऋण मिलने लगे तो गांवों में महिलाएं रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें।

### खबर संक्षेप

## अहिंसा वेलफेयर सोसायटी ने श्रम विभाग एवं प्रशासन के सहयोग से चलाया अभियान



**रीवा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत अहिंसा वेलफेयर सोसायटी, रीवा द्वारा श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान बच्चों को बाल मजदूरी से होने वाले दुष्प्रभावों तथा शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।यह कार्रवाई राज्य शासन द्वारा जून माह को बाल श्रम उन्मूलन हेतु "एक्शन मंथ" के रूप में मनाए जाने संबंधी जारी अधिसूचनाओं एवं निर्देशों के अनुरूप की गई। निर्देशों के तहत बाल श्रम प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण, बच्चों की पहचान, बचाव एवं पुनर्वास के लिए विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों को समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सामुदायिक नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। संस्था बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए कार्यरत 250 से अधिक नागरिक समाज संगठनों के राष्ट्रीय नेटवर्क ₹जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (JRC)₹ की सहयोगी संस्था है।अभियान के दौरान चिन्हित एवं मुक्त कराए गए बच्चों की आयु 10 से 15 वर्ष के बीच पाई गई। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि ये बच्चे विभिन्न वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कई महीनों से कार्यरत थे तथा उनसे अत्यंत अमानवीय एवं शोषणकारी परिस्थितियों में काम कराया जा रहा था। स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वातावरण में अत्यल्प पारिश्रमिक पर लंबे समय तक कार्य करवाए जाने के कारण उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।बचाव के उपरांत संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही, पीड़ित बच्चों को पुनर्वास, मुआवजा, शिक्षा एवं अन्य वैधानिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी जारी है।ज्ञात हो कि बाल श्रम का एक प्रमुख कारण बाल तस्करी (Child Trafficking) है। इसी कारण जून माह के दौरान नागरिक समाज संगठन, श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ मिलकर बाल तस्करी एवं बाल श्रम के नेटवर्क पर विशेष निगरानी रखते हैं तथा ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए समन्वित प्रयास करते हैं।इस अवसर पर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक श्री सुमित सिंह ने कहा, "शोषण और बाल मजदूरी से मुक्त कराए गए प्रत्येक बच्चे के शिक्षा, सुरक्षा एवं गरिमा के अधिकार की पुनर्स्थापना हुई है। बाल श्रम बच्चों से उनका बचपन, शिक्षा और बेहतर भविष्य छीन लेता है। बच्चों का स्थान ढाबों, होटलों और फैक्ट्रियों में नहीं, बल्कि विद्यालयों में है। बाल तस्करी और बाल श्रम एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। हमारी संस्था जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों के बचाव, पुनर्वास एवं अधिकारों की सुनिश्चितता के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।"जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क की सबसे बड़ी विशेषता इसका साझा निगरानी एवं सूचना-साझाकरण तंत्र है। देशभर में फैले सहयोगी संगठन एक-दूसरे के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हुए बाल तस्करी एवं बाल श्रम के मामलों की निगरानी करते हैं। इसी प्रभावी तंत्र के परिणामस्वरूप अप्रैल 2023 से मार्च 2026 के बीच 1.45 लाख से अधिक बच्चों को तस्करी एवं शोषण की स्थिति से मुक्त कराया गया, जिनमें बड़ी संख्या ऐसे बच्चों की थी जिन्हें बाल श्रम के लिए मजबूर किया गया था।

## पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने किया जनरल परेड, वाहनों और डॉग स्क्वायड का गहन निरीक्षण



रीवा। जिले में पुलिस बल की कार्यकुशलता, अनुशासन और शारीरिक दक्षता को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन रीवा में आयोजित साप्ताहिक जनरल परेड का पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह (आईपीएस) ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली, नव-आरक्षकों की ड्रिल का अवलोकन किया तथा शासकीय वाहनों और डॉग स्क्वायड की व्यवस्थाओं का भी बारीकी से परीक्षण किया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित इस साप्ताहिक परेड का उद्देश्य पुलिस बल में बुनियादी अनुशासन, शारीरिक क्षमता और कार्यकुशलता को बनाए रखना है। परेड का संचालन मुख्य रूप से रक्षित निरीक्षक द्वारा किया गया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने पूरे कार्यक्रम का विधिवत निरीक्षण किया। कार्यक्रम में राजपत्रित एवं गैर-राजपत्रित पुलिस अधिकारी, विभिन्न थाना प्रभारियों (एसएचओ), रक्षित केंद्र का पुलिस बल तथा हाल ही में नियुक्त नव-आरक्षक पूर्ण वर्दी में शामिल हुए। परेड के दौरान नव-आरक्षकों और पुलिस बल ने अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह के साथ उच्च स्तरीय ड्रिल का प्रदर्शन किया, जिसकी पुलिस अधीक्षक ने खुलकर सराहना की। उत्कृष्ट टर्नआउट और अनुशासित प्रदर्शन करने वाले जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के शासकीय वाहनों की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने वाहनों के रखरखाव, टूल किट, साफ-सफाई एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में वाहनों की बेहतर स्थिति पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाती है। इसके अलावा जिले की सुरक्षा व्यवस्था और अपराध अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले डॉग स्क्वायड (श्वान दल) का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने श्वान दल की कार्यक्षमता, प्रशिक्षण और रख-रखाव की जानकारी लेते हुए उनकी तैयारियों का मूल्यांकन किया। परेड और निरीक्षण के समापन पर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सदैव चुस्त-दुरुस्त रहने, कर्तव्य के प्रति सजग रहने तथा जनता के साथ संवेदनशील और सकारात्मक व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी के दौरान कड़े अनुशासन का पालन करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनता का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है और उसे बनाए रखना प्रत्येक पुलिसकर्मी की जिम्मेदारी है।

## जुर्माना न भरने वाले खाद्य प्रतिष्ठानों से की गई वसूली




**रीवा ।** प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन के प्रकरणों में एडीएम न्यायालय द्वारा लगाए गए जुर्माने की वसूली के लिए प्रशासन ने कार्यवाही शुरू की है। एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी द्वारा तहसीलदार एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की गठित संयुक्त टीम ने जुर्माना राशि जमा न करने वाले व्यवसायियों और उनके प्रतिष्ठानों के खिलाफ सीलबंदी की कार्रवाई शुरू की। संयुक्त दल द्वारा शुरू की गई इस कार्रवाई के दौरान अनेक व्यवसायियों ने मौके पर ही जुर्माना जमा किया। कार्रवाई के तहत राल्ही ढाबा द्वारा 50 हजार रूपये, संजय मेडिसिन द्वारा 10 हजार रूपये और स्टार फूड्स मेडिकल कॉलेज कैंटीन द्वारा 20 हजार रूपये की बकाया जुर्माना राशि मौके पर ही जमा कराई गई। इन संचालकों ने राशि जमा कर अपने लाइसेंस निरस्त होने और दुकानों की सीलबंदी जैसी दंडात्मक कार्रवाई को रोका। खाद्य सुरक्षा विभाग और प्रशासनिक अमले की संयुक्त टीम द्वारा बकाया जुर्माना न चुकाने वाले अन्य प्रतिष्ठानों पर भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। संयुक्त टीम में तहसीलदार यतीश शुक्ला, खाद्य निरीक्षक साबिर अली तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अम्बरीश द्विवेदी कार्यवाही के दौरान शामिल रहे।

## रात को तेज आंधी के साथ हुई बारिश, शहर में रहा ब्लैक आउट



**रीवा।** गुरुवार को दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। गर्मी के घरा से निकलना मुश्किल रहा। शाम होते ही मौसम ने अचानक करवट ली और लोगों को बड़ी राहत मिली। तेज आंधी के साथ बारिश होते ही शहर ब्लैक आउट हो गया। काफी देर तक बिजली न आने से दुकानदारों ने अपनी दुकानें समय से पहले बंद कर दी। रात करीब 8 बजे आसमान में घने बादल छा गए। इसके बाद तेज आंधी चली और कुछ ही देर में बूंदाबांदी शुरू हो गई। देखते ही देखते बारिश ने जोर पकड़ लिया। आंधी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम कायह बदलाव अपने साथ परेशानी भी लेकर आया। तेज आंधी चलते ही शहर के कई हिस्सों की बिजली गुल हो गई और पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। कई क्षेत्रों में देर रात तक बिजली आपूर्ति बाधित रही जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार दोनों दिनों तक दिन में इसी तरह का मौसम रहेगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री गिरावट आने की संभावना है। गुरूवार को दिन का अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग का यदि अनुमान सही साबित हुआ तो दो दिनों के बाद दिन का तापमान 40 डिग्री के नीचे देखने को मिल सकता है।दुकानों की उड़ी होर्डिंगआंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई दुकानों के होर्डिंग और विज्ञापन बोर्ड उखड़कर सड़क पर गिर गए। कुछ स्थानों पर पेड़ों की डालियां भी टूटकर गिरने की सूचना मिली। आंधी इतनी तेज थी कि दोपहिया वाहन तक सड़क गिर गए। आंधी की गति लगभग 40 से 45 किमी प्रति घंटे रही। इस दौरान शहर में पौन इंच बारिश होने का अनुमान लगाया गया है।सड़कों पर जगह-जगह धंसे रेस्टोरेशनसीवरेज और सीएमआर कंपनी द्वारा खोदी गई सड़कें बारिश में परेशानी का सबब बन रही हैं। बारिश के दौरान रेस्टोरेशन फिलिंग की मिट्टी धंस रही है। जिससे सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। रात में यही गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर रहे हैं। शहर के 50 फीसदी से अधिक सड़कें सीवरेज और जलप्रदाय योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई हैं। जिनमें आधे का वास्तविक स्वरूप में रेस्टोरेशन नहीं किया गया है केवल मिट्टी से पाट दिया गया है। अंधेरे के कारण पैदल चलने वालों को भी रात में परेशानी खड़ी हुई। गौरतलब है कि आधा शहर प्रभावित है।

## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर क्षेत्र में सेवा, स्वच्छता और वृक्षारोपण का हुआ आयोजन

### मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान




रीवा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा 4399 दिनों की ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर मनगवां विधायक नरेंद्र प्रजापति के मुख्य अतिथि में मंडल रामपुर सर्किल अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सेवा, स्वच्छता एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत अंकौरी के ग्राम तारी खास स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक नरेंद्र प्रजापति ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा वृक्षारोपण किया गया।इसके पश्चात ग्राम पंचायत देवरिहनगांव के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। आंगनबाड़ी भवन के सामने वृक्षारोपण, विद्यालय परिसर में गाजरघास उन्मूलन एवं साफ-सफाई अभियान चलाया गया। वहीं ग्राम पंचायत बंधवा कोठार के ग्राम जमुहरा में विद्यालय और आंगनबाड़ी परिसर की सफाई की गई।ग्राम पंचायत अंकौरी स्थित जालपा मंदिर में देवी दर्शन के बाद वृक्षारोपण कर ट्री-गार्ड लगाया गया, जिससे पौधों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने सभी कार्यक्रम स्थलों पर वरिष्ठ नागरिकों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।इस दौरान विधायक नरेंद्र प्रजापति के निर्देशो मे जनसुनवाई शिविरों का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों और हितग्राहियों की समस्याएं सुनी गईं। संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।कार्यक्रमों के उपरांत पार्टी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत अंकौरी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक एवं रात्रि प्रवास किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अंशू सिंह, विधायक प्रतिनिधि इन्द्रपति मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि प्रियंका तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधू जायसवाल, महामंत्री अमृतलाल मिश्रा, महामंत्री शिव बहोर प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष भास्कर तिवारी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज पटेल, श्रीनिवास पटेल, लालजी पांडेय सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## लोक कल्याण शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के प्राप्त हुए 295 आवेदन, नगर निगम रीवा के चारों जोन में आयोजित किये गये शिविर, 13 जून को भी चारों जोन में लगाये जायेंगे शिविर



**रीवा ।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देश एवं जिला कलेक्टर के आदेश के अनुक्रम में नगर पालिक निगम रीवा द्वारा लोक कल्याण मेला के तहत प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 12 जून को नगर निगम के चारों जोनों में विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में पथ विक्रेताओं ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाया तथा विभिन्न ऋण श्रेणियों एवं क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार 12 जून से 22 जून तक आयोजित किए जा रहे विशेष अभियान के प्रथम दिवस नगर निगम के जोन क्रमांक एक के वार्ड क्रमांक पांच स्थित ढेकहा तिराहा, जोन क्रमांक दो के वार्ड क्रमांक सात सिरमौर चौक क्षेत्र (फल एवं सब्जी हॉकर्स कॉर्नर), जोन क्रमांक तीन के वार्ड क्रमांक 15 रतहरा नहर के पास तथा जोन क्रमांक चार के वार्ड क्रमांक 39 महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स (एसएएफ चौराहा) में शिविर लगाए गए। शिविरों में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर पथ विक्रेताओं को प्रेरित करते हुए पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन तथा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त किये। साथ ही मौके पर आने वाली तकनीकी समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविरों के दौरान कुल 295 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 15 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के ऋण तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी आवेदन शामिल हैं। इन चारों स्थानों पर 13 जून को भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। पात्र पथ विक्रेता अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर पथ विक्रेता पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। नगर निगम रीवा ने सभी पात्र पथ विक्रेताओं से अपील की है कि वे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय के विस्तार एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ें। यह विशेष अभियान 22 जून तक निरंतर संचालित रहेगा।

## थोड़ी सी बारिश में नेहरू नगर में फैल जाती है सड़कों पर गंदगी, काम के बाद भी खुले चैंबर नहीं ढके गए





**रीवा ।** शहर के नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में कुछ देर की बारिश में सड़कों पर गंदगी फैल जाती है। 11 जून की रात्रि में हुई कुछ देर की बारिश से मचे कीचड़ से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा है। तेज बारिश होने पर 15 मिनट में ही कुछ घरों में पानी भरने लगता है। मिश्रा पेट्रोल पंप और रिलायंस पेट्रोल पंप के बीच 200 मीटर की दूरी में पांच पुलिया होने के बावजूद हर वर्ष यहां के नागरिकों को घरों में बरसाती पानी भरने की समस्या से जूझना पड़ता है। यहां काफी दूर से बरसाती पानी आता है। बड़े पैमाने पर बरसाती पानी आने से इन पुलियों से उसकी निकासी नहीं हो पाती और पानी लौटकर घरों में घुसने लगता है। समूचा बरसाती पानी एक ही दिशा में बहाने से समस्या विकराल हो जाती है। इधर कई जगह नाली के चेंबर खुले हुए हैं। अभी टूटे नए कनेक्शन को फिर से बनाने के लिए नाली चैंबरों को खोला गया था जिसे खुला छोड़ देने से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। नल की खुली

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याण शिविरों में सभी पात्र हितग्राहियों को अनिवार्यतः लाभान्वित करें - कलेक्टर



**मऊगंज। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशों के अनुरूप 12 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है।**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने निर्देश दिये कि शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर उन्हें योजनाओं से अनिवार्यतः लाभान्वित करें। शिविरों के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में आमजनता से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों के माध्यम से सात दिन की समय सीमा में निराकृत करने की व्यवस्था भी की गई है। शिविरों में जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारी शामिल हुए। शिविरों में प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वय वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं। जिले के सभी जनपद पंचायतों एवं नगर परिषदों में 12 जून, 15 जून तथा 16 जून को सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत मऊगंज में आयोजित शिविर में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय भी उपस्थित रहे तथा आमजनों से संवाद किया। जनपद पंचायत मऊगंज में आयोजित शिविर में 260 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 80 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष 180 आवेदनों में नियम समय में कार्यवाही की जायेगी।

## साथी को बचाने नदी में कूदा युवक, तीसरे दिन मिला शव, बीहर नदी में तीन दिन तक चला सर्च ऑपरेशन, कटकी बरहा के पास मिला शव

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीहर नदी में डूबे युवक का शव घटना के तीसरे दिन बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान ग्राम कुशहा निवासी अनुपम मिश्रा (38 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपने साथी को डूबने से बचाने के प्रयास में स्वयं नदी की गहराई में समा गया था ।



युवक का शव शुक्रवार सुबह ग्राम कटकी बरहा के समीप नदी में उतराता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को ग्राम कुशहा के चार युवक बीहर नदी में नहाने के लिए पहुंचे थे। नहाने के दौरान उनमें से एक युवक अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी को संकट में देखकर अनुपम मिश्रा ने बिना देर किए उसे बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अनुपम ने साथी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण वह स्वयं भी संतुलन खो बैठे और नदी में लापता हो गया घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे एकत्र हो गए थे। सूचना मिलने पर सगरा थाना पुलिस, राजस्व अमला एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान शुरू कराया गया। स्थानीय गोताखोरों तथा ग्रामीणों की मदद से लगातार दो दिनों तक नदी में खोजबीन की जाती रही, लेकिन अनुपम मिश्रा का कोई सुराग नहीं मिल पाया। तीसरे दिन शुक्रवार सुबह ग्राम कटकी बरहा के समीप कुछ ग्रामीणों ने नदी में एक शव उतराता हुआ देखा। नजदीक जाकर देखने पर शव अनुपम मिश्रा का निकला। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को बाहर निकाला।